**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 22.07.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अच्छे स्वास्थ की कामना की। श्री मोदी ने कहा उन्होंने कई अवसरों पर देश की सेवा की।
- प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा कि समाचार कक्ष में एआई से संचालित समाधानों का परीक्षण कर रहा है।
- मायाबंदर में दो स्थानों पर आयुष्मान भारत डिजिटल अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।
- मछली बीज वितरण के लिए तैयार। दक्षिण अंडमान जिले की तीन ग्राम पंचायतों में मछली बीज वितरित किए जाएंगे।

**<><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री जगदीप धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। स्वास्थ्य कारणों से श्री धनखड ने कल उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री धनखड़ को भारत के उपराष्ट्रपति सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा करने के कई अवसर मिले। संसद के मानसून सत्र में राज्यसभा में बारह बजे प्रश्नकाल के तुरंत बाद पीठासीन अधिकारी घनश्याम तिवारी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के त्यागपत्र से जुड़ी गृहमंत्रालय की अधिसूचना के बारे में सदन को बताया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कल स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए त्यागपत्र दे दिया था।

**<><><><><><>**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो इस महीने की तीस तारीख को शाम चार बजकर चालीस मिनट पर श्रीहरिकोटा से निसार भू अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। नासा के साथ मिलकर तैयार किये गए निसार सेटेलाइट आकाश से भूमि की निखर चित्र प्राप्त करेगा। यह पहली बार कोई सेटेलाइट दो रैडार का प्रयोग कर रहा है। नासा द्वारा तैयार किए गए 'एल' बैंड रैडार समुंद्र और जंगल के भीतर हो रहे बदलाव की जानकारी देगा और इसरो द्वारा बनाए गए 'एस' बैंड रैडार, भूमि के ऊपर हो रहे गतिविधियों की

जानकारी दे पाएगा। स्वीपसार टेक्नोलॉजी का उपयोग भी पहली बार हो रहा है, जिससे भूमि के बड़े भाग की उत्तम तस्वीर मिल पाएगी।

<><><><><><>

भारतीय सेना को और ताकत देने के लिए अमरीका से अपाचे हेलीकॉप्टर की पहली खेप आज भारत पहुंची। भारी मात्रा में हथियार बरसाने और उन्नत युद्ध क्षमताओं के कारण इन अत्याधुनिक हेलीकॉप्टरों को अक्सर हवा में टैंक कहा जाता है। अपाचे हेलीकॉप्टरों में उन्नत हथियार तथा सेंसर लगे हैं। इसमें सभी मौसम अनुकूल संचालन क्षमता है। इससे भारतीय सेना की हवाई क्षमता को और अधिक बल मिलेगा। भारतीय वायुसेना ने अमरीकी सरकार और बोइंग के साथ दो हजार पन्द्रह में एक समझौते के अंतर्गत बाईस अपाचे हेलीकॉप्टरों की खरीद की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला यह एक गौरवशाली क्षण है।

<><><><><><>

भारतीय नौसेना, कल नई दिल्ली में जहाज निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर संगोष्ठी का आयोजन करेगी। एक दिन की इस संगोष्ठी में सरकार, भारतीय नौसेना, जहाजरानी, उद्योग, वर्गीकरण समितियों और शिक्षा जगत के प्रमुख हितधारक एक साथ आएंगे। यह कार्यक्रम जहाज निर्माण से संबंधित विभिन्न नीतिगत पहलुओं पर सुसंगत और प्रगति–उन्मुख चर्चाओं को सुगम बनाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागी वैश्विक स्तर पर लागू की जा रही भविष्य की तकनीकों का भी पता लगाएंगे और वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले जहाज बनाने में भारतीय शिपयार्ड तथा उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करेंगे।

<><><><><><>

आज राष्ट्रीय झंडा दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार करने की याद में हर वर्ष बाईस जुलाई को देश में राष्ट्रीय झंडा दिवस मनाया जाता है।

<><><><><><>

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एशिया पेसेफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट जनरल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष गौरव द्विवेदी ने कहा कि प्रसार भारती भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए

समाचार कक्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित समाधानों का परीक्षण कर रहा है। श्री द्विवेदी ने यह बात कंबोडिया के सिएम रीप में बीसवें एशियाई मीडिया सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कही। श्री द्विवेदी ने कहा कि सार्वभौमिक पहुंच का सिद्धांत भारत में लोक सेवा प्रसारण के केंद्र बिंदु में है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक संस्थानों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, राज्य स्वास्थ्य एजेंसी एबीडीएम की एजेंसी ने उन्नीस और इक्कीस जुलाई को मायाबंदर के पोक्काडेरा में ग्राम पंचायत और राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। दोनों कार्यक्रमों में एबीडीएम के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें एबीएचए नंबर बनाना और उनका उपयोग करना तथा स्वास्थ्य रिकॉर्ड को लिंक करना शामिल था। स्वास्थ्य सेवा की बेहतर पहुँच, कम कागजी कार्रवाई और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच बेहतर समन्वय जैसे लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में लगभग सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन दोनों कार्यक्रमों में डॉ. आरपी अस्पताल, मायाबंदर के एनेस्थेटिस्ट डॉ. अर्नोल्ड आशु और जीडीएमओ, आयुर्वेद डॉ. प्रियंका इकबाल ने भी भाग लिया। एबीडीएम टीम पी. राज कुमार, प्रताप और सनोज एस नायर (सहायक परियोजना समन्वयक) ने इंटरैक्टिव सत्रों का संचालन किया।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ देने के चल रहे प्रयासों के अंतर्गत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के स्वास्थ्य विभाग ने समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय में आज पंचायत हॉल, विम्बर्लीगंज में पीएमजेएवाई कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन किया। शिविर में लाभार्थियों के लिए कुल पच्हत्तर आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत मीठे पानी के मछली बीज फार्म, नयागांव ने भारतीय मेजर कार्प्स के मीठे पानी के मछली के बीज का उत्पादन किया है और ये बीज दक्षिण अंडमान ज़िले के ग्राम पंचायत विम्बर्लीगंज, मन्नारघाट और शोल–बे के मछली किसानों के बीच वितरण के लिए तैयार हैं। इच्छुक मत्स्य

पालक वितरण स्थल से मीठे जल के मछली बीज प्राप्त कर सकते हैं। फ्राई आकार के मछली बीज के प्रत्येक ऑक्सीजनयुक्त पैकेट की कीमत एक सौ पैंतीस रुपये हैं।

<><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, पोर्ट ब्लेयर के शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न विभागों में अतिथि संकायों और अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती हेतु अट्ठाईस से उनतीस जुलाई तक साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी शैक्षिक योग्यता और अनुभव की प्रतियों के साथ अपना पच्चीस जुलाई तक शैक्षणिक कक्ष में जमा करें। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए अपने मूल दस्तावेज भी साथ लाने होंगे।

<><><><><><>

जेएनआरएम में विभिन्न पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग अट्ठाईस जुलाई से शुरू होगी। जेएनआरएम में विभिन्न यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग सत्र दो हाजर पच्चीस–छब्बीस के लिए जेएनआरएम, श्री विजयपुरम में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की श्रेणीवार अंतिम मेरिट सूची वेबसाइट पर कल अपलोड की जाएगी और काउंसलिंग अट्ठाईस जुलाई से शुरू होगी। सभी श्रेणियों की अंतिम मेरिट सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में उपस्थित होने की सलाह दी गई है। ध्यान रहे कि दोपहर का काउंसलिंग सत्र केवल तभी आयोजित किया जाएगा जब सुबह के सत्र में काउंसलिंग पूरी होने के बाद सीटें खाली रह जाएंगी।

<><><><><><>

केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के निर्देशानुसार फार्मासिस्ट के पद के लिए सत्ताईस मई को आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उपस्थित सभी उम्मीदवारों के लिए प्रश्न संख्या पच्चीस/प्रश्न आईडी 5916 से संबंधित दावे और आपत्ति का पुनर्मूल्यांकन किया गया है। इस पुनर्मूल्यांकन के आधार पर, चयनित और प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों की सूची सहित एक संशोधित परिणाम अपलोड कर दिया गया है। दो जून को पहले प्रकाशित परिणाम, चयनित उम्मीदवार और प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों की सूची अब रद्द कर दी गई है।

<><><><><><>